गेण्डोली और फौलाई सिंचाई परियोजना हर खेत तक पानी के संकल्प की दिशा में सशक्त कदम : बिरला

बून्दी, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को 123.87 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित गेण्डोली और फौलाई लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इन योजनाओं से केशवरायपाटन क्षेत्र के 17 गांवों की लगभग 4,000 हेक्टेयर कृषि भूमि को स्थायी सिंचाई सुविधा प्राप्त होगी। इस अवसर पर बिरला ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को बेहतर बनाना हमारा संकल्प है, और यह तभी संभव है जब हर खेत तक पानी पहुंचे और किसान को समृद्धि का आधार मिल सके। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं के माध्यम से अब पूरे वर्ष जल उपलब्ध रहेगा, जिससे किसान तीन फसलें तक लेने में सक्षम होंगे। इस दौरान जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत एवं अन्य जनप्रतिनिधि भी उपस्थित थे। बिरला ने कहा कि कुछ महीनों में नौनेरा बांध का जल इस क्षेत्र में उपलब्ध होगा, जिससे खेतों के साथ-साथ घर-घर तक नल से पेयजल आपूर्ति

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने दो लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया।

सुनिश्चित की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि ऐसी लिफ्ट सिंचाई योजनाएं उन सभी क्षेत्रों में शुरू की जानी चाहिए, जहां किसानों को उनकी सर्वाधिक आवश्यकता है। यह न केवल कृषि उत्पादन को बढ़ावा देंगी, बल्कि किसानों की आमदनी भी बढ़ाएंगी।

बिरला ने कहा कि सिंचाई के साथ-साथ क्षेत्र में सड़कों और पुलों के निर्माण

■ केशवरायपाटन क्षेत्र के किसानों को बड़ी सौगात, बिरला ने दो लिफ्ट सिंचाई परियोजनाओं का लोकार्पण किया

पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। 58 करोड़ की लागत से गेण्डोली-बजरंगगढ़-मानपुर-सुसारिया मार्ग पर सड़क तथा 27 करोड़ की लागत से उनियारा-बून्दी मार्ग पर मेज़ नदी पर उच्च स्तरीय पुल की स्वीकृति मिल चुकी है। इन परियोजनाओं से वे गांव भी सड़क नेटवर्क से जुड़ सकेंगे, जो अब तक इससे वंचित थे। हमने दशकों से लंबित कार्यों को अगले तीन वर्षों में चरणबद्ध तरीके से पूरा करने का संकल्प लिया है।

जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने कहा कि किसानों के हित में यह परियोजना एक बड़ी उपलब्धि है, जो वर्षों से लंबित थी। उन्होंने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सतत् प्रयासों और समन्वय से यह कार्य संभव हो पाया है। उन्होंने इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि इस परियोजना का लोकार्पण वंदे गंगा जल संरक्षण अभियान के दौरान हुआ, जो एक सुखद संयोग है।

रावत ने कहा कि केंद्र और राज्य सरकारें किसान कल्याण की दिशा में निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रही हैं। इसके पूर्व बिरला ने बून्दी की ग्राम पंचायत खटकड़ में 30 बेड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में उन्होंने इसे क्षेत्र की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक मील का पत्थर बताया। बिरला ने कहा कि यह अस्पताल ग्रामीण अंचल के लोगों को त्वरित और सुलभ चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करेगा। इसके अतिरिक्त खटकड़ में सामुदायिक भवन, खेल मैदान के विकास कार्य का भी लोकार्पण हुआ।

पोस्टर का विमोचन किया गया

कोटा, (निसं)। जेसीआई कोटा शक्ति द्वारा दो दिवसीय नारी एग्जिबिशन का आयोजन 7 व 8 जुलाई को रोटरी बिनानी सभागार में किया जाएगा, जिसके पोस्टर का विमोचन बुधवार को ओम बिड़ला ने किया।अध्यक्ष ऋचा गुप्ता ने बताया कि इस आयोजन में नारी शक्ति के तमाम पहलुओं को दिखाने की कोशिश की जाएगी।

भारी बारिश के बाद भी 60 टीमों ने कोटा के विद्युत तंत्र को ठीक किया

कोटा, (निसं)। पिछले दिनों कोटा शहर में हुई तेज बारिश और हवा से विद्युत तंत्र को भारी नुकसान पहुंचा, इसे ठीक करने के लिए केईडीएल की 60 टीम पूरी रात काम करती रही। इस दौरान उपभोक्ताओं की अधिकांश शिकायतों का भी निराकरण कर दिया गया। विद्युत तंत्र को और मजबूत करने के लिए कम्पनी कई कदम उठा रही है। केईडीएल के सीओओ शान्तनू भट्टाचार्य ने बताया कि दो बार एक-एक घंटे की भारी बारिश और तेज हवाओं से 11 केवी के 30 फीडर, 33 केवी के 4 फीडर, 33 व 11 केवी के फीडर को जोडने वाला एक टॉवर ब्रेकडाउन हो गए। 11 केवी के 26 फीडर 16 जून को सुबह की ठीक कर दिए गए। कृषि क्षेत्र से जुड़े 4 फीडर दोपहर 12 तक चालू कर दिए गए। चार 33 केवी के फीडर को रात डेढ बजे सुधार दिया गया। ब्रेकडाउन हुए 33 केवी का एक व 11 केवी के तीन कंडक्टर को रात साढ़े 12 बजे ठीक कर दिया गया। इसके अलावा खराब तीन वितरण ट्रांसफारमर को रात ही बदल दिया गया। उन्होंने बताया कि तलवंडी क्षेत्र में 33 केवी लाइन पर एक बड़ा पेड़ गिर गया। इसके बाद कम्पनी की टीम ने रात को ही दूसरी लाइन से जोड़कर 80 प्रतिशत क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी गई, बचे क्षेत्र में पेड़ को काटकर हटाने के बाद विद्युत आपूर्ति बहाल की गई। नान्ता में एक ट्रैक्टर की टक्कर से डबल सर्किट का खम्बा टूट गया जिसे सुबह ठीक कर दिया गया। इसी तरह आईजी नगर जीएसएस पर एक पेड़ गिर गया। इससे जुड़े इलाके का पूरा लोड ट्रांसफर कर बिजली आपूर्ति बहाल की गई। बाकी शहर के 204 फीडर में कोई दिक्कत नहीं आई और इन फीडरों से जुड़े क्षेत्र में यथावत विद्युत आपूर्ति होती रही। भट्टाचार्य ने बताया कि शहर के विद्युत तंत्र को और मजबूत करने के लिए कम्पनी कई कदम उठा रही है। जिससे उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत आपूर्ति मिल सके। पहले शहर में 36 टीम काम कर रही थी जिनकी संख्या बढ़ाकर 60 कर दी गई है। ये सभी टीमें 15 जून की रात को तंत्र का ठीक करने में जुटी रही, इस दौरान कर्मचारियों और उपभोक्ताओं की सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा गया। उन्होंने बताया कि रात 12 बजे से सुबह 8 बजे तक कुल 4258 शिकायतें मिली जिसमें से 3821 का दो घंटे में निराकरण कर दिया गया। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे कॉल सेंटर के नम्बर पर अपनी शिकायतें दर्ज कराए और अन्य अन्य नम्बरों पर सम्पर्क नहीं करें। इससे उनकी समस्याओं को जल्दी निराकरण किया जा सकेगा। यदि दो घंटे तक शिकायतों का निराकरण नहीं होता है तो उपभोक्ता अन्य नंबरों पर सम्पर्क कर सकते है। शहर के पूरे सिस्टम पर निगरानी के लिए सीईएससी राजस्थान के आईटी सिस्टम को सुधारा गया है।

'दोस्त बनाएं, अपनी बात शेयर करें, दूसरों की सुनें, तो समस्याएं कम हो जाएंगी'

कोटा, (निसं)। जिला प्रशासन के कामयाब कोटा और कोटा केयर्स अभियान के तहत कोचिंग स्टूडेंट्स को लगातार मोटिवेट किया जा रहा है। इसके तहत जिला कलेक्टर डॉ. रविन्द्र गोस्वामी बुधवार को राजीव गांधी नगर स्थित साकार कैम्पस में पहुंचे और नीट स्टूडेंट्स को मोटिवेट किया।

डॉ.रविन्द्र गोस्वामी से छात्राओं ने भी खुलकर संवाद किया और अपनी समस्याएं बताई, जिसके समाधान डॉ.गोस्वामी ने अपने अनुभव के आधार पर दिए। डॉ.गोस्वामी ने क्लास में स्टूडेंट्स को मोटिवेट करते हुए कहा कि सुनना सीखें और बोलना सीखें, यदि कोई दोस्त कुछ कह रहा है तो आपके पास उस समस्या का समाधान हो या न हो, उसे सुनें, इसी तरह यदि आपकी कोई समस्या है तो पेरेन्ट्स से बात नहीं हो पा रही या कोई हिचक है तो अपने दोस्तों से कहें, हो सकता है तुरंत कोई समाधान नहीं मिले लेकिन अपनी बात रखें।

शेयरिंग से परेशानी कम होती है। पेरेन्ट के रूप में मैं कह सकता हूं कि जब भी मेरे बच्चे मुझसे कुछ शेयर करते हैं तो मैं खुश होता हूं। एक बार जब मैंने अपने पापा को पढ़ाई में मन नहीं लगने की परेशानी बताई तो उन्होंने मुझे सलाह

कोटा जिला कलेक्टर ने कोचिंग स्टूडेन्ट्स को मोटिवेट किया।

दी कि रोज सुबह नहाकर भगवान के सामने प्रार्थना किया करो। मैं करने लगा, मुझे दो फायदे हुए एक तो मैं समय पर नहाने लगा और प्रार्थना करने से मेरा कंसंट्रेशन बढ़ने लगा।

उन्होंने कहा कि खाना खाते समय मोबाइल का उपयोग नहीं करें। हम डायनिंग टेबल पर बैठे होते हैं और हमें यह नहीं पता होता कि हमारे आस-पास कौन है। मोबाईल यूज करते रहते हैं। ऐसा नहीं होना चाहिए। मोबाईल हमारा टाईम खराब कर देता है हमें पता भी नहीं चलता। डॉ. गोस्वामी ने स्वयं के अनुभव साझा करते हुए बच्चों को मोटिवेट रहने की बात कही। उन्होंने रिवीजन और स्टडी के मैथेड्स भी बताए। इस दौरान छात्राओं ने भी सवाल पूछे और अपने मन की बातें भी साझा की। छात्राओं से सेल्फ डाउट, बैकलॉग, टेस्ट प्रिपेरेशन, रिवीजन, एंजाइटी, डिप्रेशन, मार्क्स डिक्रिज, कॉन्फीडेंस की कमी जैसे विषयों पर बातचीत की। एक छात्रा के ओवर थिंकिंग और सेल्फ डाउट से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा कि ये दोनों समस्याएं हर व्यक्ति के साथ है। सेल्फ डाउट दिमाग का मैकेनिज्म है जो हमें अवेयर रखता है। हम जिस चीज को इंपोर्टेंस देते हैं दिमाग उसको बार-बार क्रॉस चैक करता है। यह अच्छा है लेकिन ज्यादा नहीं हो। जब हम बातों को जनरलाईज कर लेते हैं तो ओवर थिंकिंग में नहीं जाते।

ओवर थिंकिंग भी होती है और सेल्फ डाउट भी होते हैं। दोनों के लिए हमें ठहरकर सोचने की जरूरत होती है। उन्होंने कहा कि बैकलॉग सबका होता है। कोई ऐसा नहीं है जो यह कह सके कि मैंने पूरा पढ़ लिया और फिर भी मेरे पास समय है। हमें पढ़ने के तरीके के बारे में सोचना चाहिए। हम स्मार्टली रिवीजन करें। की-वर्ड्स बनाएं। कापी के जिन पेज पर डिफिकल्टीज है, उनके की-वर्ड बनाकर उसी पेज के कोने पर लिख दें। इसके बाद जब आप रिवीजन करेंगे तो की-वर्ड देखते ही आपका रिवीजन हो जाएगा। इसके अलावा जब कभी रूटीन काम से छुट्टी मिल जाए, क्लास नहीं हो तो रिवीजन पर ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि नींद आना सामान्य बात है। सभी को आती है। हम नींद लेने के बाद रिलेक्स भी होते हैं।

यदि आपको लगता है कि रात की नींद के बाद आधे-आधे घंटे की नींद से आप ज्यादा फ्रेश और अपने अटेंशन स्पान को बढ़ा सकते हैं तो ये करना चाहिए। आप 5-6 घंटे की पढ़ाई के बाद कुछ रिलेक्स हो सकते हैं ताकि आगे की पढ़ाई ज्यादा अच्छे से कर सकें। यदि आप ठीक से नहीं सो सकेंगे तो दिनभर उसका बोझ आपके दिमाग पर रहेगा और आपका शेष समय भी खराब हो जाएगा।

सार-समाचार

अफीम का मूल्य बढ़ाया जाए : दुष्यंत सिंह

झालावाड़ (निसं)। सांसद दुष्यंत सिंह ने अफीम और डोडा पोस्ट के दामों में बढ़ोतरी की सिफारिश की है। बुधवार को कोटा में आयोजित नारकोटिक्स सलाहकार समिति की बैठक में सांसद सिंह की ओर से नौ सूत्रीय सुझाव पत्र प्रस्तुत किया गया। झालावाड़ और बारां में राज्यपाल के प्रवास के कारण सांसद सिंह इस बैठक में स्वयं उपस्थित नहीं हो सकें। उनकी ओर से प्रस्तुत सुझाव पत्र में अफीम के न्यूनतम दाम 15 हजार एवं बिना चीरे के डोडा पोस्ट के दाम तीन हजार रुपए प्रति किग्रा निर्धारित करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि अफीम किसानों की लागत और जोखिम में लगातार बढ़ोतरी को देखते हुए मूल्यों में बढ़ोतरी जरूरी हो गई है। उन्होंने अफीम लाईसेंस का रकबा बढ़ाने 10 से बढ़ाकर 20 आरी करने, पिछले वर्षों में विभिन्न कारणों से रोके गए पट्टों की बहाली एवं स्वर्गवासी पट्टाधारकों के स्थान पर उनके वारिसों को पट्टे जारी करने के सुझाव दिए। सांसद सिंह ने नंबरदारी की प्रथा समाप्त कर अच्छी औसत देने वाले पाँच-पाँच किसानों की समितियों के गठन का सुझाव भी दिया है। इससे अफीम की तुलाई या हँकवाई के समय भ्रष्टाचार पर लगाम लगेगी। उन्होंने बताया है कि अफ़ीम के डोडा चूरा में मात्र 0.2 प्रतिशत मॉर्फिन होती है। इसकी आड़ में नारकोटिक्स और पुलिस विभाग किसानों पर मुकदमे तक लाद देते हैं। सिंह ने कहा कि इस विषय को पूर्ववत आबकारी विभाग के सुपुर्द किया जाना चाहिए।

कांग्रेसी नेता को के.डी.ए.का नोटिस

कोटा, (निसं)। कोटा विकास प्राधिकरण (केडीए) द्वारा कांग्रेसी नेता तालाब बचाओ संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष मनोज दुबे को ही अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी कर दिया है। कांग्रेसी नेता मनोज दुबे ने सोगरिया तालाब पर भूमाफियाओ द्वारा किए जा रहे अवैध अतिक्रमणो को हटाने के लिए शिकायत और ज्ञापन भी दिए थे। इस पर कोटा विकास प्राधिकरण में कार्रवाई करते हुए तालाब पर अतिक्रमण पाया था और संबंधित लोगों को नोटिस भी जारी किए थे। लेकिन अब शिकायतकर्ता को भी कोटा विकास प्राधिकरण के द्वारा अतिक्रमण हटाने का नोटिस जारी कर दिया गया है। मनोज दुबे ने कहा कि मेरा मकान अपनी क्रय की भूमि पर बना हुआ है। जबकि अन्य लोगों द्वारा जिन्होंने अतिक्रमण कर पक्का निर्माण कर लिया है। उन पर केडीए द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

कोटा में वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत श्रमदान हुआ

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेशभर में आयोजित वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा बुधवार को शहर के विभिन्न हिस्सों में श्रमदान, सफाई, महापुरुषों को माल्यार्पण और संकल्प सभाओं का आयोजन किया गया।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के कोटा शहर संयोजक एवं नगर निगम कोटा दक्षिण के नेता प्रतिपक्ष विवेक राजवंशी के नेतृत्व में इंदिरा मार्केट क्षेत्र में जेपी सर्किल से सुभाष सर्किल तक जन-जागरूकता रैली का आयोजन कर आमजन को जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। इसके बाद श्रमदान कर सुभाष सर्किल और नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया गया।

इस अवसर पर विवेक राजवंशी ने कहा कि नेताजी की देशभक्ति हम सब के लिए आदर्श है। इस अवसर पर

श्रमदान कर सुभाष सर्किल पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा की सफाई कर माल्यार्पण किया गया है।

वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के कोटा शहर सहसंयोजक अरविंद सिसोदिया, कोटा दक्षिण विधान सभा क्षेत्र संयोजक भानु प्रताप गौड़, पार्षद गोपाल राम मण्डा, योगेश आहलूवालिया, मंडल अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश महावर, मंडल प्रतिनिधि, मंडल महामंत्री उमेश मेहरा सतीश लक्षकार, मंडल मंत्री शुभम गर्ग पंकज सोनी मण्डल कार्यकारिणी सदस्य

■ सफाई और संकल्प सभाओं का आयोजन हुआ

जगदीश महावर, कुलदीप सोनी, श्याम सुन्दर सोनी, देवेन्द्र कुमार आदि उपस्थित रहे।

बूंदी रोड स्थित प्राचीन गणेशपाल मंदिर पर भी बुधवार को वंदे गंगा जल संरक्षण जन अभियान के तहत श्रमदान किया गया।

वन्दे गंगा जल संरक्षण जन अभियान कोटा उत्तर विधानसभा क्षेत्र के संयोजक राकेश सुमन पुटरा और सह-संयोजक रमेश शर्मा के नेतृत्व में सामाजिक कार्यकर्ताओं और आमजन ने भगवान गणेश की आराधना कर श्रमदान किया।

सभी ने जल एवं पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी लिया। इसी तरह का आयोजन नयाखेड़ा गांव में भी किया गया।

पालिकाध्यक्ष की अध्यक्षता में बैठक हुई

रामगंजमण्डी, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, कैबिनेट मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर रामगंजमंडी विधानसभा में बिजली व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित करने के साथ विद्युत व्यवस्था में सुधार के लिए 18 जून बुधवार को नगर पालिका चेयरमैन अखिलेश मेडतवाल की अध्यक्षता में नगर पालिका सभा भवन में एक बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधीक्षण अभियंता शिवचरण जांगिड़ सहित उप जिला प्रमुख कृष्ण गोपाल अहीर, भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य

■ बिजली व्यवस्था को सुचारू और व्यवस्थित करने पर चर्चा की

वीरेंद्र जैन, जिला परिषद सदस्य धीरज सिंह सिसोदिया, भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेश काला, भाजपा नेता विकास चौहान, हुकुम सुथार, जयवीर सिंह सुकेत, भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेंद्र व्यास, राजकुमार ओरा, नरेंद्र राजा, कमलेश गोईन, कोटा स्टोन एसोसिएशन अध्यक्ष प्रहलाद बैंसला, ओमप्रकाश मेघवाल फौजी, दिनेश डपकरा, विशाल श्रृंगी, लोकेश पावेचा, पार्षद सतीश गौतम,रामेश्वर अहीर, शिवराज मीणा, भाजपा नेता महेंद्र सामरिया, वीरेन्द्र सिंह शक्तावत, ज्ञानचंद शर्मा कोला, राजकुमार धाकड़, शिवा बांसुरिया, जितेंद्र जाट, संदीप सिंह चंद्रावत, उमेश महेश्वरी, प्रभुलाल मेघवाल, कपिल भावसार व प्रभुलाल चंदक सहित आदि ने ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं से अधीक्षण अभियंताओं का अवगत करवाया। अधिशासी अभियंता विष्णु दत्त लोधा सहित रामगंजमंडी, सुकेत, चेचट व मोड़क के सहायक अभियंता और कनिष्ठ अभियंता भी मौजूद रहे।

व्हील चेयर भेंट की

कोटा, (निसं)। सोशल वेलफेयर फोरम द्वारा 18 जून को रेल यात्रियों की सुविधा के लिए कार्पोरेट सोशल रेस्पोंसबिलिटी स्कीम के तहत कोटा स्टेशन पर व्हीलचेयर भेंट की गई। रेल यात्रियों को एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म या बाहर लाने ले जाने तक के लिए सहायक होगी।

विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण लिया

रामगंजमण्डी, (निसं)। गायत्री परिवार द्वारा आयोजित पांच दिवसीय नि:शुल्क समर कैंप के तीसरे दिन बुधवार को बच्चों ने अभिनय कराटे नृत्य सहित विभिन्न कलाओं का प्रशिक्षण लिया। कैंप की शुरुआत योग से हुई उसके बाद मार्शल आर्ट रवि प्रजापति ने बच्चों को कराटे सिखाए जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों का आत्मरक्षा के लिए तैयार करना उन्हें अपनी संस्कृति से जोड़ना है रंगकर्मी अभिषेक तिवाड़ी ने बच्चों को समझाते हुए कहा कि नाटक हमें संपूर्ण जीवन और भावों की दुनिया में ले जाता है और साथ ही अभिनय की मूलभूत तकनीक सिखाई।

सार्वजनिक सूचना

मेरे पक्षकार श्रीमती सरस्वती देवी W/o स्वर्गीय श्री चिरंजी लाल निवासी- 1155 महावीर नगर द्वितीय, कोटा की और से हर आम व्यक्ति / वित्तीय संस्था आदि को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार के उक्त मकान का मूल पट्टा व मूल रजिस्ट्री कहीं खो गए है। जिसकी FIR लिखवाई गई है उसकी सत्यापरीतिलिपि निकलवा कर राष्ट्रीय बैंक से लोन लेने में प्रयोग किया जाएगा। इस सम्बन्ध में किसी भी व्यक्ति / संस्थान को कोई भी एतराज हो तो मय दस्तावेज आधोहस्ताक्षरकर्ता 3 दिवस में प्रेषित करें अन्यथा बाद गुजरने मियाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होंगी।

भवदीय
संतोष सक्सेना
मो. 9414180707

दिनांक : 18.06.2025

कार्यालय कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ15/कृ.भू.रू./2025/ **विज्ञप्ति** दिनांक:-...../../2025

सर्व साधारण को जर्ये विज्ञप्ति सूचित किया जाता है कि ग्राम कुन्हाडी में स्थित कृषि भूमि योजना गणपति रेजीडेन्सी खसरा नं. 340 में स्थित भूखण्ड संख्या 42 क्षेत्रफल 125 वर्गगज आवेदक/आवेदिका श्री पूरणमल पुत्र स्व.श्री भूरा राम निवासी ब्लॉक नं. 21/125 हेवी वाटर कॉलोनी भाभानगर रावतभाटा जिला चित्तौढ़गढ़ राज. नाम हस्तान्तरण हेतु ऑनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है। उक्त भूखण्ड का पट्टा आदेश क्रमांक 11309 दिनांक 30.01.2012 को श्री भूराराम प्रजापत पुत्र श्री हेमाराम जी के नाम जारी किया गया था। पट्टाधारा की मृत्यु प्रमाण पत्र अनुसार दिनांक 06.07.2023 को हो चुकी है। मृतक के विधिक वारिसान पत्नि उमा देवी, पुत्र पूरणमल है। वारिसान उमा देवी द्वारा जर्ये रजि. हक त्याग पत्र दिनांक 06.11.2024 से आवेदक के पक्ष में किया गया है।

अत: श्री पूरणमल पुत्र स्व.श्री भूरा राम के पक्ष में नाम हस्तान्तरण जारी किये जाने में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो अन्दर 7 योम कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा लिखित में अद्योहस्ताक्षरकर्ता को प्रस्तुत करें। मियाद गुजर जाने के बाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

बेदखली सूचना

मैं मेरे पक्षकार राज कुमार शर्मा आत्मज श्री घूरेलाल शर्मा निवासी ए-15/एफ4, श्याम पार्क एक्सटेक्शन, साहिबाबाद, गाजियाबाद (उत्तर प्रदेश) हाल निवासी C/o डॉ. जय गोस्वामी मकान नं. 33, गोतानगर रंगभूमि, झालुक्वारी, गुवहाटी (असम) 781011 है। कि मेरे पक्षकार की पुत्री खुशी शर्मा जो कि विगत कई वर्षों से अपनी माता शिवार्चना शर्मा के साथ मिलकर मेरे पक्षकार के खिलाफ झूठे केस दर्ज करवाकर मिथ्या बयानबाजी कर रही है और खुशी शर्मा ने मेरे पक्षकार का कत्ल करने की धमकी दी जा चुकी है। इस कारण मेरे पक्षकार द्वारा खुशी शर्मा को मेरी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है मेरे पक्षकार का अब खुशी शर्मा के साथ कोई संबंध नहीं है। भविष्य में खुशी शर्मा द्वारा किए गए समस्त कार्यों के लिए स्वयं जिम्मेदारी होगी। सूचित हो।

दिनांक: 18.06.2025

भवदीय
अतुल शर्मा एडवोकेट, कोटा

कार्यालय नगर निगम कोटा उत्तर

क्रमांक :– ननिको(उ)/गैरिज/2025/1124–1138 दिनांक :– 16/06/25

ई-निविदा सूचना

नगर निगम कोटा उत्तर द्वारा अधिकारियों/अनुभागों के कार्यालय कार्य हेतु नगर निगम कोटा क्षेत्र की सीमा में टैक्सी वाहन उपलब्ध कराने हेतु सेवाप्रदाताओं/संवेदक/वाहनस्वामियों/ट्रेवल्स एजेन्सी व्यक्तियों द्वारा निविदा सूचना की शर्तें ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया से वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in, www.kotamc.org पर ऑनलाईन समानान्तर दर निविदा आमंत्रित की जाती हैं।

अनुमानित राशि :– 62.42 लाख
U.B.N. No. –DLB2526WSRC08140

उपायुक्त
नगर निगम कोटा उत्तर
राज.संवाद/सी/25/4529

कार्यालय नगर पालिका मण्डल के. पाटन जिला बून्दी (राज.)

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)
प्राधिकृत अधिकारी का कार्यालय नगर पालिका के. पाटन

क्रमांक:-815-17 **लोक सूचना** दिनांक-18.6.2025

श्री राधेश्याम गुप्ता आ. श्री बालचन्द गुप्ता जाति महाजन निवासी वार्ड नं. 19 के. पाटन जिला बून्दी (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा नं	क्षेत्र
के. पाटन जिला बून्दी	ईश्वरनगर	1070/185 रकबा 0.43 है.	केशवराय पाटन

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा।

उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 18.6.25 को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी अधिशाषी अधिकारी
नगर पालिका के. पाटन

कार्यालय नगर निगम, कोटा दक्षिण (राज.)

क्रमांक:-ननिकोद/जोन-प्रथम/भ.नि.अनु./2025/3890 दिनांक: 18.6.25

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री वरुण सारस्वत पुत्र श्री नरेन्द्र शर्मा निवासी-ग-8 साबरमती कालोनी कोटा (राज.) ने नगर निगम कोटा दक्षिण भूखंड संख्या-ग-8 साबरमती कालोनी कोटा (राज.) नगर निगम कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखंड संख्या-ग-8 साबरमती कालोनी कोटा क्षेत्रफल-1250 वर्गफुट का आवंटन कार्यालय आवासन मंडल कोटा द्वारा पत्र क्रमांक : एच2/173/के टी/71/12323 दिनांक 25.07.1973 से श्री डमरु प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. श्री किशन शर्मा को आवंटन जारी किया गया था। श्री डमरु प्रसाद शर्मा पुत्र स्व. श्री किशन शर्मा की मृत्यु दिनांक 29.12.2019 को हो चुकी है एवं श्रीमती सुरज बाई की मृत्यु हो चुकी है। उनकी मृत्यु उपरांत उनके शेष विधिक वारिसान श्री नरेन्द्र शर्मा, श्री योगेन्द्र कुमार शर्मा, श्री मनोज कुमार, श्रीमती सीमा पिसरान स्व. श्री डमरु प्रसाद शर्मा ने पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 18.11.2020 से श्रीमती तारा देवी पत्नी स्व. श्री डमरु प्रसाद शर्मा के पक्ष में अपना हक त्याग दिया है। श्रीमती तारा देवी पत्नी स्व. श्री डमरु प्रसाद शर्मा ने पंजीकृत दान पत्र दिनांक 25.04.2024 से उक्त भूखंड को श्री वरुण सारस्वत पुत्र श्री नरेन्द्र शर्मा के पक्ष में दान कर दिया है। श्री वरुण सारस्वत पुत्र श्री नरेन्द्र शर्मा नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखंड के स्वामित्व नाम हस्तान्तरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखंड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखंड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करें। बाद मियाद आपत्ति मान्य नहीं होगी।

उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11/विक्रय/2025/143 दिनांक:-13.6.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी आवासीय भूखंड/आवास संख्या 296 का आवंटन/हस्तान्तरण प्राधिकरण के पत्र दिनांक 09.03.2012 को श्रीमती चमेली बाई पत्नी श्री छीतर लाल के नाम से हस्तान्तरण किया गया था। आवंटी श्रीमती चमेली बाई की मृत्यु दिनांक 10.11.2022 को हो गई है। मृत्यु उपरान्त आवंटी के विधिक वारिसान श्री त्रिलोक चंद मालव पुत्र श्री छीतर लाल द्वारा प्रस्तुत रजिस्टर्ड रिलीज डीड (हक त्याग पत्र), मृत्यु प्रमाण पत्र, शपथ पत्र, आईडी इत्यादि दस्तावेजों के आधार पर उक्त भूखंड/आवास अपने नाम हस्तान्तरण करने की स्वीकृति कोटा विकास प्राधिकरण कोटा से चाही जा रही है।

अत: जरीये आम सूचित किया जाता है कि यदि इस नाम हस्तान्तरण की स्वीकृति देने में किसी को भी कोई ऐतराज हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस के अन्दर अन्दर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर दें, अन्यथा मियाद गुजरने के पश्चात उक्त भूखंड/आवास संख्या 296 योजना श्रीरामकृष्णपुरम-बी का नामहस्तान्तरण श्री त्रिलोक चंद मालव पुत्र श्री छीतर लाल के नाम स्वीकृति जारी कर दी जावेगी।

उपायुक्त कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

कोटा विकास प्राधिकरण, कोटा

क्रमांक:-एफ11 विक्रय/2025/145 दिनांक:-17.6.25

नाम हस्तान्तरण चाहने बाबत आम सूचना

कोटा विकास प्राधिकरण कोटा द्वारा भूखंड संख्या 1094 श्रीनाथपुरम-बी आवासीय योजना में आवंटन पत्र क्रमांक 1589 दिनांक 17.05.1993 को श्री सुरेश चन्द जैन पुत्र श्री नन्द लाल जैन के नाम आवंटन किया गया था। श्री सुरेश चन्द जैन पुत्र श्री नन्द लाल जैन द्वारा उक्त भूखंड का जर्ये मुख्तारआम श्री चतुर्भुज पुत्र श्री जगन्नाथ द्वारा जर्ये रजिस्टर्ड विक्रय पत्र दिनांक 01.05.2025 को श्री अरविन्द कुमार नागर पुत्र श्री रामस्वरुप नागर को विक्रय कर दिया गया है। अत: श्री अरविन्द कुमार नागर पुत्र श्री रामस्वरुप नागर द्वारा उक्त भूखंड का स्वामित्व अपने न